जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2020/ 3241 **दिनांक** 20/10/2020

प्रथम स्मरण पत्र

प्रति,

विभागाध्यक्ष/अधिकारी/समन्वयक/निदेशक/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
एवं प्राचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2019 –20 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।
संदर्भः– कमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2020/3154, दिनांक 28.09.2020 के सदंर्भ में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का **वर्ष 2019–20 का (01 जुलाई 2019 से 30 जून 2020 तक) वार्षिक प्रतिवेदन** तैयार किया जाना हैं जिसमे निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :–

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जायें।)
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछ्डा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावे)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाईप काराकर भेजे जा सकते है।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागो की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय–सीमा में प्रतिवेदन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित विश्वविद्यालय अध्ययनशाल/महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि रोकी जाने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु शासन को लिखा जावेगा तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो ऐसे महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी तथा महाविद्यालय की मान्यता समाप्त करने हेतु शासन को भी लिखा जावेगा।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 02/11/2020 तक वार्षिक प्रतिवेदन की तीन–तीन प्रतियों में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (**MS Office Word**) में स्पीड पोस्ट अथवा यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः **कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर** के पते पर भेजने का कष्ट करें। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के डाटा सेंटर के ई–मेल (**judatacentre@gmail.com**) पर भी आवश्यक रूप से भेजे।

'' भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है'' इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

संलग्न :– प्रोफार्मानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उप सचिव, उच्चशिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. वेबसाइड प्रभारी, इस सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी वि.वि. की वेबसाइड पर अपलोड करे।

उप/सहा–कुलसचिव(प्रशा0)